# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 02 जून ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर में आयोजित नव संकल्प शिविर में पारित निर्णयों की क्रियान्विति हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में 26 प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रकट किए, जिनमें से आधे से अधिक वक्ता 50 वर्ष से कम आयु के युवा नेता है। कार्यशाला में प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रस्ताव पारित किए गए है कि राजस्थान के सभी 52062 बूथों पर 11 सदस्यीय कार्यकारिणी, ग्राम पंचायत स्तर पर 21 सदस्यीय कार्यकारिणी, 20 से 22 बूथों पर बनने वाले मण्डल कमेटियों में 31 सदस्यीय कार्यकारिणी तथा ब्लॉक स्तर पर 51 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित की जाएगी। उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने जयपुर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रेस को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

श्री डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की भावना के अनुसार तथा नव संकल्प शिविर उदयपुर के घोषणा पत्र की अनुपालना में एक से अधिक पदों पर आसीन कांग्रेस नेताओं ने अपने एक पद को त्याग पत्र प्रस्तुत कर छोड़ दिया है तथा 5 वर्ष से अधिक समय से एक ही पद पर पदासीन नेताओं ने भी अपने पद को छोड़ने हेतु त्याग पत्र प्रस्तुत कर दिया है। उन्होंने कहा कि 11 से 14 जून के मध्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिनमें मण्डल कमेटियों के गठन सहित कार्यकारिणी हेतु प्रस्ताव लिए जाएंगे, जिनके अनुमोदन के पश्चात् 15 अगस्त तक प्रदेश की सभी बूथ, मण्डल, ब्लॉक एवं जिला कांग्रेस कमेटियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 13 नव निर्वाचित जिला इकाईयों की कार्यकारिणी उदयपुर घोषणा पत्र की अनुपालना करते हुए दिनांक 11 जून के पश्चात् सात दिवस में अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा चुनाव के माध्यम से निर्वाचित जिला कमेटियों की कार्यकारिणी का गठन चुनाव के एक माह में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों को माह के 15 दिन अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जाने के निर्देश प्रदान किए गए है जहाँ जाकर सभी प्रभारी पदाधिकारी कांग्रेस

2....

Created by Universal Document Converter

कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के मध्य रह कर बूथ, मण्डल, ब्लॉक एवं जिला स्तर की कार्यकारिणी के गठन हेतु कार्यकर्ताओं के नाम 15 अगस्त तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के 11 जिलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए हैं, शेष जिलों में प्रशिक्षण शिविर के आयोजन हेतु दिनांक एवं कार्यक्रम का प्रस्ताव 7 दिवस में निवर्तमान/वर्तमान जिलाध्यक्षगण प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करेंगे तथा जिन जिलों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हो चुके है उनमें ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के आयोजन हेतु कार्यक्रम का प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटियां 7 दिवस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करेंगी तदानुसार संगठन के प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कृषि मित्र योजना, घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में 50 यूनिट फ्री तत्पश्चात् सब्सिडी प्रदान करने जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की है जिनके प्रचार एवं प्रसार की जिम्मेदारी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ली है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी जाकर राजस्थान सरकार की जनहितकारी एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे तथा इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता आमजन के बीच जाकर मोदी सरकार की विफलताओं को भी उजागर करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि दिनांक 15 अगस्त तक निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन्स की अनुपालना में प्रदेश के सभी बूथों पर बूथ लेवल एजेन्ट नियुक्त करने का कार्य कर लिया जाएगा। जिसके तहत् सभी बीएलए निर्वाचन विभाग के बीएलओ के साथ वोटर लिस्टों के नवीनीकरण एवं शुद्धिकरण में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एकजूटता के साथ राजस्थान में राज्यसभा के होने वाले चुनावों में कांग्रेस के तीनों प्रत्याशियों को भारी बहुमत के साथ जीता कर सारी अफवाहों एवं दुष्प्रचार को निर्मूल साबित करेगी।

संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कार्यशाला एवं सम्मेलन आयोजित करने के

3....

Created by Universal Document Converter

लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा साधुवाद के पात्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के संविधान के अनुरूप राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन के विभिन्न स्तरों पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करें तथा स्थानीय जनता की भावना एवं माँग के अनुसार प्रस्ताव पारित कर सरकार को सौंपे जिससे आमजनता की भागीदारी सरकार के योजनाओं के निर्माण में हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित अधिवेशन में पारित प्रस्ताव को बजट घोषणाओं में शामिल किया गया तथा भविष्य में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जनभावना के अनुरूप जो प्रस्ताव सरकार को दिए जाएंगे उन्हें शामिल करते हुए ही राजस्थान सरकार लोक कल्याणकारी योजनाएं घोषित करेगी। उन्होंने कहा कि उदयपुर नव संकल्प शिविर में पारित घोषणा पत्र के पश्चात् पार्टी संगठन में नया उत्साह एवं मजबूती का संचार हुआ है तथा नव संकल्प शिविर के निर्णयों की अनुपालना की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में भय का माहौल है, छोटी-छोटी घटनाओं से धार्मिक उन्माद भड़क रहा है, इस कारण श्री राहुल गाँधी ने कहा था कि साम्प्रदायिक ताकतों ने केरोसिन छिड़क दिया है, जिसका तात्पर्य है कि एक छोटी सी चिंगारी भी बड़ी आग को भड़का सकती है। उन्होंने कहा कि आग लगाना आसान है किन्तु उसे बुझाना मुश्किल होता है इसीलिए उदयपुर नव संकल्प शिविर में कश्मीर से कन्या कुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज जो देश में साम्प्रदायिकता का माहौल बनाया जा रहा है वह जनहित में नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने महँगाई एवं बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दें है किंतु इन मुद्दों से ध्यान भटकाने हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी ने सही कहा है कि जिस देश में शांति होती है वहाँ विकास होता है, किंतु केन्द्र सरकार महँगाई एवं बेरोजगारी जैसे मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है तथा भारतीय जनता पार्टी इन मुद्दों से ध्यान भटकाने हेतु साम्प्रदायिक सौहार्द्र खराब करने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास हेतु राजस्थान सरकार ने एक से बढ़कर एक योजनाएं लागू की है। राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट घोषणाओं पर विपक्ष ने बजट घोषणाओं के लागू होने पर संदेह जताया था जबकि राजस्थान सरकार द्वारा 450 से अधिक घोषणाओं का क्रियान्वयन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ आमजनता को मिल रहा है, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा

4....

Created by Universal Document Converter

योजना के तहत् 10 लाख रुपये तक का नि:शुल्क ईलाज प्रत्येक प्रदेशवासी को उपलब्ध है। साथ ही प्रदेश में ओपीडी व आईपीडी नि:शुल्क है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किडनी ट्रांसप्लांट, लीवर ट्रांसप्लांट, बोनमेरो ट्रांसप्लांट जैसे महँगे ईलाज नि:शुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की तर्ज पर प्रत्येक देशवासी के लिए राईट टू हैल्थ की योजना लागू करनी चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना विफल हो गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा किए गए कार्यों से प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन मिलकर जनता के बीच जाएंगे तथा कांग्रेस सरकारों के कार्यों एवं विकास के आधार पर आमजन को कांग्रेस से जोड़ने का कार्य करेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं राजस्थान सरकार के मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, पूर्व अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष श्री हेमसिंह शेखावत सहित अग्रिम संगठनों के अनेक पदाधिकारियों ने सम्बोधित कर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यशाला में उदयपुर नव संकल्प शिविर में पारित घोषणा पत्र व निर्णयों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ तथा 10 बिंदुओं के आधार पर संगठनात्मक विषयों पर सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सभी प्रतिभागियों के सुझावों को समेकित करते हुए संगठन के सुदृढ़ीकरण हेतु महत्वपूर्ण निर्णय कार्यशाला में पारित हुए।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter